हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 14 जुलाई 2026

06 मूंग खरीदी पर सियासत जारी, 100 प्रतिशत एमएसपी...



09 राजगढ़ पुलिस की बड़ी सफलताः अंतरजिला...





**खबर संक्षेप**

### 28 जुलाई से 8 अगस्त तक भोपाल में आयोजित होगी सेना भर्ती रैली

**सीहोर।** सेना भर्ती कार्यालय, भोपाल द्वारा 28 जुलाई से 08 अगस्त तक अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, भोपाल में सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। भर्ती रैली में मध्यप्रदेश के 15 जिलों अशोकनगर, भोपाल, बैतूल, छिंदवाड़ा, दमोह, गुना, हरदा, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, पन्ना, पांढुर्णा, रायसेन, राजगढ़, सीहोर एवं विदिशा के पुरुष अभ्यर्थियों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन श्रेणियों की भर्ती आयोजित की जाएगी। साथ ही मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के लिए धर्म गुरु एवं एजुकेशन हवलदार की भर्ती रैली भी आयोजित की जाएगी। सेना द्वारा 1 जून से 12 जून तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) आयोजित की गई थी। सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का परिणाम 12 जुलाई 2026 को जॉइन इंडियन आर्मी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थी ही शारीरिक दक्षता सहित अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले सकेंगे। भर्ती रैली में भाग लेने वाले पात्र अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र 13 जुलाई 2026 को उनके पंजीकृत ई-मेल पर भेजे जाएंगे। भर्ती रैली में अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र पर अंकित तिथि एवं समय के अनुसार ही प्रवेश दिया जाएगा। सेना भर्ती कार्यालय ने बताया है कि भर्ती में शामिल होने वाले अभ्यर्थी भर्ती अधिसूचना के अनुसार दस्तावेज साथ लाएं।

### कहीं सिर घुमाने तो कहीं मुस्कुराने के अजीबो-गरीब मैसेज से शिक्षक परेशान, वेतन कटने का सता रहा डर

# शिक्षकों के लिए आफत बना 'हमारे शिक्षक एप', स्कूल के गेट पर खड़े होने के बाद भी बता रहा 4 से 6 किमी दूर


कई स्कूलों से ई-अटेंडेंस के दौरान आने वाले मैसेज चर्चा और नाराजगी का विषय बने हुए हैं। एप के जरिए ऐसे अजीबोगरीब निर्देश और त्रुटियां मिल रही हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर













मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों में व्यवस्था सुधारने के लिए लागू किया गया ई-अटेंडेंस सिस्टम अब शिक्षकों के लिए जी का जंजाल और मजाक बनकर रह गया है। सरकार ने 1 जुलाई से सभी शासकीय स्कूलों में हमारे शिक्षक ऐप के जरिए ऑनलाइन हाजिरी लगाना अनिवार्य तो कर दिया है और न लगाने पर वेतन कटौती का फरमान भी जारी कर दिया है, लेकिन ऐप की भारी तकनीकी गड़बडियों ने शिक्षकों की रातों की नींद उड़ा दी है। शिक्षक समय पर स्कूल के मुख्य गेट और परिसर में खड़े होकर हाजिरी लगा रहे हैं, लेकिन जीपीएस तकनीक उन्हें स्कूल से 4 से लेकर 21 हजार किलोमीटर तक दूर बता रही है।

बता दें क्षेत्र के कई स्कूलों से ई.अटेंडेंस के दौरान आने वाले मैसेज चर्चा और नाराजगी का विषय बने हुए हैं। शिक्षकों को ऐप के जरिए ऐसे अजीबोगरीब निर्देश और त्रुटियां मिल रही हैं। प्राथमिक शाला देहखेड़ी इछावर यहां जब शिक्षक शाला के गेट पर ही खड़े होकर उपस्थिति लगा रहे हैं तो ऐप स्क्रीन पर मैसेज आता है, त्रुटि आप जीपीएस देहखेड़ी से 21607 किमी दूर हैं, 800 मीटर के भीतर रहें। दोबारा प्रयास करने पर ऐप कहता है कृपया मुस्कुराएं, सुरक्षा के लिए आवश्यक है। त्रुटि आप 2606 मीटर दूर हैं, 1000 मीटर के भीतर रहें।

### चेहरा नहीं मिला

बरखेड़ा कुर्मी स्कूल में भी पहचान सत्यापित होने के बाद शिक्षक को 4.394 किलोमीटर दूर बता दिया गया और मैसेज आया कि चेहरा नहीं मिला, पुनः प्रयास करें, आप 4.391 किलोमीटर दूर हैं, 200 मीटर के भीतर रहें।

### अपना सिर ऊपर करें

माध्यमिक स्कूल पटारिया सीधा में हाजिरी का प्रयास करने पर शिक्षक को संदेश मिला कृपया अपना सिर ऊपर करें, सुरक्षा के लिए आवश्यक है, त्रुटि आप 4725 मीटर दूर हैं। एक अन्य शिक्षक को ऐप ने कहा कृपया अपना सिर बाईं ओर घुमाएं, त्रुटि आप 2.608 मीटर दूर हैं, 200 मीटर के भीतर रहें।

### पूरी तरह फेल साबित हो रही जियो-फेंसिंग तकनीक

विभाग का दावा था कि यह ऐप पूरी तरह जीपीएस और जियो-फेंसिंग पर आधारित है, जिससे शिक्षक स्कूल परिसर के बाहर से हाजिरी नहीं लगा पाएंगे और धांधली रुकेगी। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि स्कूल के अंदर खड़े रहने पर भी ऐप लोकेशन कैच नहीं कर पा रहा है। पहचान सत्यापित होने के बाद भी ऐप 4 से 5 किलोमीटर दूर बताकर चेकन इन रिजेक्ट कर देता है।

### जब एप में गड़बड़ी है तो हम क्या करें

इस तकनीकी लचरता के कारण शिक्षकों में भारी आक्रोश है। शिक्षकों का कहना है कि वे रोजाना अपनी ड्यूटी पर तय समय से पहले या समय पर स्कूल पहुंची रहे हैं। इसके बावजूद ऐप में उपस्थिति दर्ज ही नहीं हो रही है। दूसरी तरफ शासन का कड़ा नियम है कि यदि ऐप पर चेक-इन और चेकन आउट नहीं हुआ तो उस दिन को अनाधिकृत अनुपस्थिति मानकर नो वर्क, नो पे के तहत सीधे वेतन काट लिया जाएगा। अतिथि शिक्षकों के लिए भी 90 प्रतिशत अटेंडेंस अनिवार्य है, जिससे उनकी नौकरी पर भी खतरा मंडरा रहा है। शिक्षकों का कहना है कि जब गड़बड़ी विभाग के सॉफ्टवेयर और एप में है तो उसकी सजा शिक्षकों को वेतन कटौती और कारण बताओ नोटिस के रूप में क्यों दी जा रही है।

### अवकाश और मॉनिटरिंग भी ठप

शिक्षकों को किसी भी प्रकार की छुट्टी या मेडिकल के लिए भी इसी ऐप पर निर्भर रहना पड़ता है। इसके अलावा विभाग सार्थक ऐप और एम शिक्षामित्र से भी डाटा सिंक करता है, लेकिन मुख्य ऐप हमारे शिक्षक ऐप के क्रैश होने या गलत जीपीएस दिखाने से पूरी व्यवस्था ठप होने की कगार पर है। ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क न मिलने से यह समस्या दोगुनी हो जाती है। शिक्षकों ने मांग की है कि जब तक ऐप की तकनीकी त्रुटियों को पूरी तरह सुधारा नहीं जाता, तब तक वेतन कटौती के आदेश पर रोक लगाई जाए और वैकल्पिक माध्यम से उपस्थिति मान्य की जाए।

## यूट्यूब रील से शुरू हुआ 41.60 लाख की साइबर ठगी का खेल फर्जी इन्वेस्टमेंट एप ने एलआईसी अधिकारी को बनाया शिकार

**सीहोर।** सोशल मीडिया पर चंद मिनटों में मोटा मुनाफा कमाने का लालच एक बार फिर भारी पड़ गया। इस बार साइबर ठगों ने एलआईसी के विकास अधिकारी को ही अपने जाल में फंसा लिया। यूट्यूब पर दिखाई गई एक निवेश संबंधी रील से शुरू हुई बातचीत आखिरकार 41 लाख 60 हजार रुपये की बड़ी साइबर ठगी में बदल गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) एवं 319(2) के तहत अपराध दर्ज कर साइबर अपराधियों की तलाश शुरू कर दी है।

### रील पर क्लिक करते ही खुला साइबर जाल

पुलिस के अनुसार चाणक्यपुरी निवासी संदीप कुमार द्विवेदी, जो एलआईसी में विकास अधिकारी हैं, ने लिखित शिकायत देकर बताया कि 22 मई 2026 को वह यूट्यूब पर रील देख रहे थे। इसी दौरान उन्हें ₹मेग्नम इक्विटीर₹ नाम से निवेश का विज्ञापन दिखाई दिया। रील में अधिक मुनाफे का दावा किया गया था और एक पॉप-अप लिंक दिया गया था। लिंक पर क्लिक करते ही वह सीधे व्हाट्सएप चैट पर पहुंच गए, जहां खुद को निवेश विशेषज्ञ बताने वाले लोगों ने उनसे संपर्क किया।

### आईपीओ, एफपीओ और एआई निवेश के नाम पर बनाया भरोसा

शिकायत के मुताबिक आरोपियों ने खुद को बड़ी निवेश संस्था का प्रतिनिधि बताते हुए दावा किया कि वे कंपनियों के आईपीओ, एफपीओ, ओटीसी और एआई आधारित निवेश कम कीमत पर उपलब्ध कराते हैं। इसके बाद उन्होंने एक मोबाइल एप डाउनलोड कराया और उसी एप पर निवेश करने के लिए कहा। शुरुआत में लगातार भरोसा दिलाकर बड़ी कमाई का लालच दिया गया, जिससे शिकायतकर्ता उनके झांसे में आ गया।

### कई बैंक खातों में भिजवाई 41.60 लाख की रकम

पुलिस जांच के अनुसार साइबर ठगों ने अलग-अलग बैंक खातों में कई किस्तों में राशि जमा कराई। शिकायतकर्ता ने 9 जून को 14 लाख रुपये, 8 जून को 6 लाख रुपये, 12 जून को 15 लाख 60 हजार रुपये तथा 1 जुलाई को 6 लाख रुपये विभिन्न बैंक खातों में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से भेज दिए। इस तरह कुल 41 लाख 60 हजार रुपये आरोपियों के खातों में पहुंच गए।

### रैंकिंग और इनाम का झांसा देकर बनाए रखा विश्वास

साइबर ठगों ने शिकायतकर्ता का भरोसा बनाए रखने के लिए नया हथकंडा अपनाया। उन्होंने कहा कि जो सबसे अधिक निवेश करेगा, उसकी रैंकिंग बेहतर होगी और उसे इनाम मिलेगा। इसी विश्वास को मजबूत करने के लिए 24 जून को शिकायतकर्ता की पत्नी प्रियंका द्विवेदी के बैंक खाते में 50 हजार रुपये भी ट्रांसफर किए गए। इससे शिकायतकर्ता को लगा कि निवेश पूरी तरह सुरक्षित है और वह लगातार रकम जमा करता रहा।

### बैंक मैनेजर की सलाह से खुला पूरा खेल

लगातार दबाव और नई राशि जमा कराने की मांग के बाद शिकायतकर्ता ने अपनी बैंक शाखा के प्रबंधक से संपर्क किया। बैंक प्रबंधक ने पूरे मामले को साइबर ठगी बताते हुए आगे कोई राशि जमा नहीं करने की सलाह दी और तत्काल पुलिस से शिकायत करने को कहा। इसके बाद पीड़ित सीधे कोतवाली थाना पहुंचा और पूरी घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई।


**पुलिस ने दर्ज किया केस, साइबर ठगों की तलाश तेज :** कोतवाली थाने ने शिकायत की जांच के बाद प्रथम दृष्टया साइबर धोखाधड़ी का मामला पाते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) और 319(2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। कोतवाली टीआई रविंद्र यादव ने बताया कि पुलिस व्हाट्सएप चैट, बैंक खातों, मोबाइल एप, ट्रांजेक्शन डिटेल और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर साइबर अपराधियों की पहचान करने में जुटी है।

अधिकारियों का कहना है कि ऐसे मामलों में सोशल मीडिया पर दिखने वाले निवेश के झांसे से बचना चाहिए और किसी भी अनजान एप या लिंक पर भरोसा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच अवश्य करनी चाहिए।

## इंस्टाग्राम अकाउंट हैक के शक में दरिंदगी, ड्राइवर को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर किया लहूलुहान

### डिजिटल की गलतफहमियां, सोशल मीडिया का नशा अब जमीनी स्तर पर खून-खराबे की वजह बनने लगा

**सीहोर।** डिजिटल दुनिया की गलतफहमियां और सोशल मीडिया का नशा अब जमीनी स्तर पर खून-खराबे की वजह बनने लगा है। श्यामपुर अंतर्गत सोठी जोड़ घाटपलासी रोड पर सोमवार सुबह एक ऐसा ही शर्मनाक मामला सामने आया। यहां सिर्फ इंस्टाग्राम अकाउंट हैक होने के मामूली शक में एक ड्राइवर को बीच सड़क लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटकर लहूलुहान कर दिया गया।



### बिना सबूत के लगा दिया इल्जाम

जानकारी के अनुसार ग्राम रावनखेड़ा निवासी अनस खान का इंस्टाग्राम अकाउंट हैक हो गया था। बिना किसी तकनीकी जांच या पुख्ता सबूत के अनस ने इसका पूरा दोष ड्राइवर फारुख पर मढ़ दिया। सोमवार सुबह करीब 11:10 बजे जब फारुख अपने काम से श्यामपुर आया और नंदू प्रजापति की दुकान के पास पहुंचा, तभी अनस खान और मुस्ताक खान ने उसे घेर लिया।

### लाठी का वार सीधे नाक पर, खून से लथपथ हुआ ड्राइवर

आरोपियों ने सीधे फारुख पर हैकिंग का आरोप लगाकर गाली-गलौज शुरू कर दी। फारुख के इनकार करने पर मुस्ताक खान ने जेब से लाठी निकालकर हमला कर दिया। डंडे का जोरदार वार सीधे फारुख की नाक पर लगा, जिससे नाक की हड्डी टूट गई और खून बहने लगा। इसी दौरान अनस खान ने उसे दबोच कर थप्पड़ों और घूंसों से पीटा।

### राहगीर के बीच-बचाव पर गांव से बुलाए 5 और साथी

सड़क पर खून देख समीर खान नामक राहगीर ने बीच-बचाव किया तो आरोपियों ने रावनखेड़ा से अपने साथियों को बुला लिया। देखते ही देखते बबला खान, शादाब खान, लईक खान, गब्बर खान और शाहरुख भी लाठियों के साथ पहुंच गए। इन 7 युवकों ने मिलकर लहूलुहान फारुख को चारों तरफ से घेरकर जमकर पीटा। वारदात के बाद आरोपी पीड़ित और गवाहों को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

### अस्पताल में चल रहा इलाज, 7 पर केस दर्ज

घटना के बाद घायल फारुख को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी नाक का इलाज चल रहा है। पीड़ित की शिकायत पर श्यामपुर पुलिस ने मुस्ताक, अनस, बबला, शादाब, लईक, गब्बर और शाहरुख के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। पुलिस ने कहा है कि सोशल मीडिया पर मामूली शक के चलते इस तरह की गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### शिविर का मुख्य आकर्षण बिजली विभाग का लाइव डिस्प्ले बोर्ड रहा

# बिजली कंपनी ने स्मार्ट मीटर का डेमो दिखाया, नए कनेक्शन से लेकर बिल समस्याओं का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर के इंदिरा नगर में विद्युत वितरण कंपनी ने विशेष शिविर लगाया। इसमें बड़ी संख्या में बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर का उद्देश्य उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना और उन्हें नई तकनीकों की जानकारी देना था।

महाप्रबंधक पूनम तुमराम के निर्देश पर सहायक अभियंता (एई) अतुलेश सिंह और कनिष्ठ अभियंता (जेई) राहुल चौबे ने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनीं और उनका समाधान किया।

उप महाप्रबंधक अंकित पालीवाल ने नए बिजली कनेक्शन तत्काल जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों ने शिविर के उद्देश्य और गतिविधियों की जानकारी भी दी।



### स्मार्ट मीटर मैनेजमेंट का डेमो दिखाया

शिविर का मुख्य आकर्षण बिजली विभाग का लाइव डिस्प्ले बोर्ड रहा। अधिकारी अतुलेश सिंह और उनकी तकनीकी टीम ने स्मार्ट मीटर, प्रीपेड मीटर और लोड मैनेजमेंट सिस्टम का लाइव डेमो दिखाया। उन्होंने उपभोक्ताओं को बताया कि मीटर का इनपुट और आउटपुट लोड कैसे संतुलित रहता है। इससे बिजली बिल में पारदर्शिता बनी रहती है।

साथ ही, उपभोक्ता अपनी बिजली खपत पर नजर रख सकते हैं और मीटर की रीडिंग को लेकर होने वाली भ्रांतियां भी दूर होती हैं। शिविर में नए बिजली कनेक्शन और स्वीकृत लोड में बदलाव से जुड़े आवेदनों पर भी तत्काल कार्रवाई की गई। इसके अलावा, जो उपभोक्ता बकाया बिजली बिल का एकमुश्त भुगतान नहीं कर पा रहे थे, उन्हें नियमानुसार आंशिक भुगतान की सुविधा भी दी गई।

### कई गांवों से पहुंचे ग्रामीण

अधिकारियों ने बताया कि आमलाहा, बिलकिसगंज, इछावर और सीहोर शहर समेत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लगाए जा रहे ऐसे शिविरों को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। इंदिरा नगर के शिविर में उपभोक्ताओं की पुरानी शिकायतों का समाधान हुआ। साथ ही लोगों को बिजली की बचत और सही उपयोग की जानकारी भी दी गई। बिजली कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे ऐसे शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और किसी भी समस्या के लिए सीधे शिविर में आकर संपर्क करें।

### सावन मास पर होगी नर्मदेश्वर महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा

**सीहोर।** शहर के जनता कालोनी वर्कशाप रोड पर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण किया गया है। जहां पर पहले टीन शेड था, लेकिन मां शारदा भवानी महिला मंडल और अन्य के सहयोग से मंदिर का निर्माण किया गया है। मंदिर में देर रात्रि को मासिक शिवरात्रि के पावन अवसर पर महिला मंडल के तत्वाधान में भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंदिर की ओर से पुजारी और समाजसेवी जसवंत सिंह दरबार ने शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर के संत माधवदास महाराज के प्रतिनिधि के रूप में साधु आत्मराम महाराज, संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा, सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट आदि का सम्मान और स्वागत किया।

श्री दरबार ने बताया कि सावन के पवित्र महीने में नर्मदेश्वर महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा का निर्णय अत्यंत शुभ है। सावन का सोमवार या प्रदोष व्रत का दिन इसके लिए सबसे उत्तम होता है। नर्मदा नदी से प्राप्त नर्मदेश्वर शिवलिंग स्वयंभू माने जाते हैं। इनका आस्था और उत्साह के साथ प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। मां शारदा भवानी महिला मंडल में बड़ी संख्या में महिलाएं मंदिर में मासिक शिवरात्रि का आयोजन करती आ रही है। प्रत्येक माह यहां पर भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है।

**प्रत्येक माह मासिक शिवरात्रि पर भजन कीर्तन :** संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि सनातन धर्म में शिव भक्ति के लिए वैसे तो प्रत्येक दिन शुभ है, लेकिन मासिक शिवरात्रि का दिन अपने आप में दिव्य और चमत्कारी शक्तियों को समेटे हुए है। प्रत्येक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मासिक शिवरात्रि मनाई जाती है। शास्त्रों के अनुसार, यह वह पावन समय है जब भक्त की पुकार सीधे कैलाश तक पहुँचती है। मासिक शिवरात्रि विवाहित और अविवाहित दोनों महिलाएं मनाती हैं। वे अपने पति और पुत्र के सुखी जीवन के लिए व्रत रखती हैं।

## खबर संक्षेप

### डिवाइडर से टकराया वाहन, बड़ा हादसा टला

**भैरूंदा** । नगर के बस स्टैंड के पास अग्रसेन चौराहे पर रविवार को करीब शाम 6 बजे एक आइसर वाहन का पिछला हिस्सा डिवाइडर से टकरा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन मोड़ लेते समय संतुलन बिगड़ने से उसका पिछला हिस्सा डिवाइडर से जा भिड़ा। घटना के दौरान सड़क पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा। हालांकि गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि या गंभीर घायल होने की सूचना नहीं है। वाहन को मामूली नुकसान पहुंचा है। लोगों का कहना है कि अग्रसेन चौराहा नगर का व्यस्ततम क्षेत्र है, जहां दिनभर भारी वाहनों और अन्य वाहनों की आवाजाही रहती है। ऐसे में चालकों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

### यमुना घाट, नदियां बचाने का संकल्प दिलाया

**सीहोर**। रविवार को सीवन अभियान की सीवन पुत्र टीम वृंदावन के यमुना घाट पहुंची। यहां युवराज अनिरुद्धाचार्य के सानिध्य में दीप प्रज्वलन हुआ। देश की प्रमुख नदियों को स्वच्छ रखने, उनका मूल स्वरूप लौटाने का संदेश दिया गया। संत प्रेमानंद महाराज का आशीर्वाद भी मिला। अभियान का संदेश सीएम योगी तक पहुंचाने की बात कही गई। कार्यक्रम में यमुना घाट पर यमुना की पूजा-अर्चना हुई। वृंदावन व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजीव बंसल मौजूद रहे। सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने यमुना स्वच्छता का संकल्प दिलाया। संदेश दिया कि लोग यमुना पुत्र, यमुना पुत्री बनें। युवराज अनिरुद्धाचार्य ने सीवन अभियान की सराहना की। कहा, अभियान पूरे देश में तेजी से फैल रहा है। नदियों की सफाई में मदद कर रहा है। राजीव बंसल ने कहा, नदियां जीवनदायिनी होती हैं। इन्हें बचाना सबसे बड़ा धर्म है।

### बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**सीहोर**। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2026 मौसम के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस योजना में शामिल होने के लिए ऋणी एवं गैर-ऋणी किसानों की अधिसूचित फसलों का बीमा करने हेतु नेशनल क्रॉप इंश्योरेंस पोर्टल खोल दिया गया है। इस पोर्टल के माध्यम से पात्र ऋणी किसानों की फसलों का बीमा उन बैंक शाखाओं द्वारा किया जाएगा, जिनमें उनके केसीसी खाते संचालित हैं।गैर-ऋणी किसान अपनी फसलों का बीमा किसी भी नजदीकी बैंक शाखा, प्राथमिक कृषि साख समिति, सीएससी अथवा PMFBY पोर्टल या मोबाइल ऐप के माध्यम से करा सकते हैं। खरीफ 2026 मौसम के अंतर्गत धान सिंचित, धान असिंचित, सोयाबीन एवं मूंग फसलों को बीमा करने हेतु अधिसूचित किया गया है। फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

### विरोध प्रदर्शन सरकार की अर्थी निकाल कर किया पुतला दहन, 16 को भोपाल में आंदोलन व चक्काजाम की तैयारी

# मूंग खरीदी पर सियासत जारी, 100 प्रतिशत एमएसपी की मांग को लेकर गांव-गांव विरोध

दरअसल, इस साल प्रदेश में मूंग की पैदावार अच्छी हुई है। ऐसे में किसानों को उम्मीद थी कि सरकार उनकी पूरी फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदेगी, लेकिन लागू की गई सीमित खरीदी नीति ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

मध्य प्रदेश में मूंग खरीदी को लेकर किसानों का गुस्सा अब खुलकर सामने आने लगा है। सरकार की सीमित खरीदी नीति के विरोध में किसानों ने प्रदेशभर में आंदोलन तेज कर दिया है। गांव-गांव में प्रदर्शन हो रहे हैं, जहां किसान पुतला दहन कर रहे हैं और कई जगहों पर सरकार के खिलाफ प्रतीकात्मक अर्थी निकालकर विरोध जताया जा रहा है। किसानों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है।

दरअसल, इस साल प्रदेश में मूंग की पैदावार अच्छी हुई है। ऐसे में किसानों को उम्मीद थी कि सरकार उनकी पूरी फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदेगी, लेकिन लागू की गई सीमित खरीदी नीति ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। किसानों का कहना है कि केवल 25 प्रतिशत तक खरीदी की व्यवस्था उन्हें सीधे आर्थिक संकट में धकेल रही है। मजबूरी में उन्हें अपनी मेहनत की फसल खुले बाजार में कम दाम पर बेचनी पड़ रही है, जिससे लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है। सीहोर जिले की भैरूंदा तहसील सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में विरोध लगातार तेज हो रहा है। बोरखेड़ा कला, छिदगांव काछी और नयागांव जैसे गांवों में किसानों ने जुलूस निकालकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। नयागांव में तो किसानों ने पहले गांव में सरकार की प्रतीकात्मक अर्थी निकाली और उसके बाद पुतला दहन कर आक्रोश जताया। किसानों का कहना है कि वे अपनी मेहनत का सही दाम चाहते हैं और इसके लिए हर स्तर पर संघर्ष करने को तैयार हैं।

आंदोलन कर रहे किसानों ने सरकार के सामने कई अहम मांगें रखी हैं। इनमें मूंग की 100 प्रतिशत खरीदी एमएसपी पर सुनिश्चित करना, सभी पंजीकृत किसानों की फसल खरीदी जाना, खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाना और प्रक्रिया को आसान व पारदर्शी बनाना शामिल है। इसके साथ ही किसानों ने समय पर भुगतान की भी मांग की है, ताकि उन्हें अगली फसल के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े। किसानों का यह भी कहना है कि खरीदी पर लगी मात्रा सीमा को पूरी तरह खत्म किया जाए। इसके अलावा खाद की समस्या भी किसानों के लिए बड़ी चिंता बनी हुई है। किसानों ने यूरिया और डीएपी खाद के लिए लागू ई-टोकन व्यवस्था को बंद करने और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। उनका कहना है कि पहले ही खरीदी को लेकर परेशानी है, ऐसे में खाद की कमी से हालात और बिगड़ सकते हैं। किसान संगठनों ने 16 जुलाई को भोपाल में बड़े स्तर पर प्रदर्शन और चक्काजाम का ऐलान किया है। इसे लेकर गांव-गांव में किसानों को एकजुट किया जा रहा है। संगठनों का दावा है कि इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान शामिल होंगे और सरकार को अपनी मांगों पर निर्णय लेने के लिए मजबूर करेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि जब उत्पादन अधिक होता है, तब खरीदी व्यवस्था को मजबूत करना बेहद जरूरी होता है। यदि समय पर खरीदी नहीं होती है तो इसका सीधा असर किसानों की आय पर पड़ता है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होती है। मूंग खरीदी में देरी या सीमित खरीदी से किसानों को अगली फसल के लिए पूंजी जुटाने में कठिनाई होती है, जिससे खेती का पूरा चक्र प्रभावित हो सकता है।

किसानों का कहना है कि बढ़ती लागत के इस दौर में एमएसपी ही उनके लिए सबसे बड़ा सहारा है। बीज, खाद, सिंचाई और मजदूरी पर लगातार बढ़ रहे खर्च के बीच यदि फसल का सही दाम नहीं मिला तो खेती करना मुश्किल हो जाएगा। किसानों ने सरकार से मांग की है कि उनकी स्थिति को समझते हुए जल्द ठोस निर्णय लिया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके और आंदोलन की स्थिति न बने।

## लगातार बारिश से भैरूंदा की सब्जी मंडी में महंगाई की मार, आवक घटी तो बढ़े दाम

### गृहणियों का बिगड़ा रसोई बजट, मौसम सामान्य होने पर राहत की उम्मीद



**भैरूंदा।** बारिश का असर अब आम लोगों की रसोई तक पहुंच गया है। बारिश में खेतों से सब्जियों की आवक प्रभावित होने लगी है। जिससे सब्जी मंडी में हरी सब्जियों के दामों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। बढ़ती कीमतों से गृहिणियों और आम उपभोक्ताओं का घरेलू बजट बिगड़ गया है। लोग पहले की तुलना में कम मात्रा में सब्जियां खरीदने को मजबूर हैं।

सब्जी विक्रेता संतोष राठौर, सोनू मंसूरी, का कहना है कि बरसात के दिनों में सब्जियों की आवक में कमी हो जाती है। जिसके चलते इंदौर, भोपाल ,सीहोर, खंडवा, हरदा की सब्जी मंडियों पर ही सब्जी के लिए निर्भर रहना पड़ता है। स्थानीय किसानों के द्वारा लगाई गई सब्जियां इस समय बाजार में नहीं पहुंच पा रही। इन सब्जियों पर भी बरसात का ग्रहण लग गया है। ऐसे में मांग के मुकाबले आपूर्ति घटने से कीमतों में तेजी आई है। सब्जी मंडी में इन दिनों टमाटर 60 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। वहीं मेथी, ग्वार फली, चवला फली और हरी मिर्च के दाम 80 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। भिंडी, लौकी, बैंगन और करेला 60 रुपये प्रति किलो, गोभी और टिंडा 50 रुपये प्रति किलो तथा अरबी 40 रुपये प्रति किलो के भाव से बिक रही है। इसके अलावा प्याज, अदरक और लहसुन की कीमतों में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे रसोई का खर्च और बढ़ गया है। सब्जी खरीदने पहुंची गृहिणियों ने बताया कि पहले जिस राशि में सप्ताहभर के लिए कई प्रकार की सब्जियां खरीद ली जाती थीं। अब उतने ही पैसों में केवल दो-तीन प्रकार की सब्जियां ही मिल पा रही हैं। बढ़ती महंगाई के बीच सब्जियों के दाम बढ़ने से घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। कई परिवार अब खर्च में कटौती करते हुए जरूरत के अनुसार ही सब्जियां खरीद रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि सब्जियों की आवक में कमी होने से जिससे कीमतों में और वृद्धि होने की संभावना है। हालांकि मौसम साफ होने और खेतों से नियमित रूप से सब्जियों की आपूर्ति शुरू होने के बाद दामों में राहत मिल सकती है। कृषि विशेषज्ञों का भी मानना है कि लगातार बारिश का सबसे अधिक असर जल्दी खराब होने वाली हरी सब्जियों पर पड़ता है। ऐसे में उत्पादन, परिवहन और आपूर्ति तीनों प्रभावित होते हैं।

### वृद्ध आश्रम पहुंची अरुणा राय ने बुजुर्ग को उपलब्ध कराई रामायण



**सीहोर।** सोमवार को संकल्प वृद्ध आश्रम पहुंचकर अरुणा सुदेश राय ने बुजुर्ग को भक्ति मार्ग पर चलने के लिए रामचरित्र मानस रामायण ग्रंथ सहर्ष भेट किया। संकल्प वृद्ध आश्रम अवलोकन के दौरान श्रीमती राय के साथ सामाजिक न्याय विभाग दिव्यांग कल्याण आयुक्त डॉ अजय खेमरिया और सामाजिक न्याय विभाग दिव्यांग कल्याण के जिला उपसंचालक महेश कुमार यादव भी उपस्थित रहे। बच्चों के द्वारा संकल्प वृद्ध आश्रम में जीवन यापन के लिए छोड़े गए बुजुर्ग ने रामचरितमानस ग्रंथ पाकर हृदय से श्रीमती राय का आभार व्यक्त किया। निराश्रित वृद्ध जनों को खाद्य सामग्री उपहार भेंट करने सैकड़ा खेड़ी स्थित संकल्प वृद्ध आश्रम में समाज सेविका अरुणा सुदेश राय पहुंची थी। उन्होंने आश्रम का अवलोकन किया और वृद्धजनों का हाल-चाल जानकर सामग्री भेंट कर वृद्धि जनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। एक बुजुर्ग ने भक्ति मार्ग पर चलने के लिए रामचरितमानस ग्रंथ उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। समाज सेविका श्रीमती राय ने सभी सहयोगियों को वापस घर चलने के लिए कहा और श्रीमती राय 15 मिनट बाद वापस संकल्प वृद्ध आश्रम पहुंची और बुजुर्ग को रामचरितमानस रामायण ग्रंथ प्रदान किया। श्रीमती राय ने संकल्प वृद्ध आश्रम संचालक से बुजुर्गों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और विभिन्न बीमारियों से पीड़ित बुजुर्गों के चल रहे इलाज की जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने वृद्ध महिला पुरुषों से आत्मीयता के साथ बातचीत की और किसी भी प्रकार की कोई चिंता नहीं करने का आश्वासन दिया।

## तेरह सूत्रीय मांगों का हो तत्काल निराकरण : सुंदर लाल राठौर



**सीहोर।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल राठौर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मुख्य सचिव म.प्र.शासन को सम्बोधित तेरह सुत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन विधायक सुदेश राय को सौंपा। एसोसिएशन उप प्रांताध्यक्ष के.एल.बैरागी ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ पुर्नगठन अधिनियम 2000 की धारा 49 परिशिष्ट 6 में सहमती का कोई प्रावधान नहीं है अतः सहमती की प्रथा तत्काल समाप्त की जाकर केन्द्रीय पेंशनर्स के अनुरूप राहत राशि का भुगतान किया जाय ।

जुलाई 2019 से केन्द्रीय तिथि से महंगाई राहत का नियमित भुगतान किया जाय और केन्द्र के अनुरूप राहत नहीं देने से जुलाई 2019 से दिसम्बर 2025 तक 90 माह के बकाया एरियर की राशि तथा जुलाई 2025 की 3त्न और माह जनवरी 2026 से 3त्न राहत राशि भुगतान की जाए। माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर के निर्णय दिनांक 31.10.2025 अनुसार छटे वेतन आयोग के दिनांक 01.01.2006 से 31.08.2008 तक 32 माह के एरियर का 6त्न ब्याज सहित भुगतान किया जाय । सांतवे वेतन आयोग के पूर्व दिनांक 01.01.2016 के पूर्व के पेंशनर्स को केन्द्र सरकार के परिपत्र दिनांक 12.05.2017 एवं सह अनुलग्र पत्रों अनुसार काल्पनिक वेतन निर्धारण किया जाकर सांतवे वेतन आयोग के दिनांक 01.01.2016 से 31.03.2018 तक 27 माह के एरियर का भुगतान किया जाए। शासकीय कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जाय । प्रदेश के पेंशनर्स को हिमाचल सरकार के अनुरूप अतिरिक्त पेंशन 65 वर्ष के प्रारंभपर 5 प्रतिशत, 70 पर 10 प्रतिशत, 75 पर 15 प्रतिशत तथा 80 वर्ष के प्रारंभ से ही 20 प्रतिशत तथा आगे शासन आदेशानुसार स्वीकृत की जाय। विद्युत मण्डल के पेंशनर्स को पेंशन की ग्यारंटी दी जाय तथा जिला कोषालय से पेंशन भुगतान की व्यवस्था की जाय। सेवा निवृत्त कर्मचारियों को चतुर्थ समय मान वेतनमान का लाभ दिया जाय। पेंशन सारांशीकरण की अवधि 15 वर्ष के स्थान पर 11 वर्ष 9 माह की जाय। शिक्षकों को पात्रतानुसार अर्जित अवकाश के नगदीकरण का लाभ दिया जाय। पेंशनर्स कल्याण मण्डल, पेंशनर्स फोरम, संभागीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा समिति की नियमित बैठके आमंत्रित की जाए। जहां पर समिति गठित नहीं हुई है उस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये जाए। वरिष्ठ नागरिक भरण पोषण अधिनियम के अंतर्गत समिति गठन के निर्देश दिए जाए। पेंशन - एन.पी.एस. और यू.पी.एस. के स्थान पर ओ.पी.एस. लागू की जाए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थितजनों में सुन्दर राठौर, के.एल.बैरागी, दिनेश जोशी, दिलीप राठौर, बैनी प्रसाद कुशवाह, सिद्दुसिंह ठाकुर, भगवानदास प्रजापति, मुरलीधर शर्मा, बाबुलाल राठौर, लखनलाल सेन, प्रकाश देवगड़े दीनदयाल संकवार, भगवती शर्मा, हारिओम शर्मा दाऊ, सन्तोष जैन संतु, कुन्दनलाल राय, मिट्ठुलाल मेवाड़ा, विजय सिंह बिसोरिया, शैलेन्द्र चन्देल, अशोक कुमार दुबे, अरूण कुमार व्यास, देवानन्द श्रीवास्तव, नर्बदा प्रसाद खरे, दिनेश तिवारी, सुधीर दुबे, मुन्ने भाई, राजेन्द्र गांधी, एल.एस. सेन, विरेन्द्र सिंह बिसोरिया आदि सहित पेशंनर्स साथी उपस्थित रहे।

### बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने और व्यापक सदस्यता अभियान पर दिया जोर

# 2028 में हर हाल में मध्य प्रदेश में बसपा की सरकार बनाएंगे : इंजी. रमाकांत पिप्पल





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की जिला संगठन समीक्षा बैठक का आयोजन सीहोर में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बसपा प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर रमाकांत पिप्पल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भोपाल जोन प्रभारी एडवोकेट कमलेश कुमार उपस्थित रहे। बैठक में जिले एवं सभी विधानसभा क्षेत्रों के संगठनात्मक कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आगामी चुनावों की रणनीति पर मंथन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष इंजि. रमाकांत पिप्पल ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि 2028 में हर हाल में मध्य प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनेगी।

आप मजबूत संगठन तैयार कर दीजिए, सरकार बनाने की जिम्मेदारी हमारी होगी। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करना ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है और प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा एवं सक्रियता के साथ संगठन विस्तार में जुटना होगा। विशिष्ट अतिथि एडवोकेट कमलेश कुमार ने संगठन की मजबूती पर विशेष बल देते हुए कहा कि ₹मजबूत संगठन ही चुनावी जीत की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा, सेक्टर एवं पोलिंग स्तर तक संगठन का विस्तार किया जाए तथा प्रत्येक विधानसभा में लगभग 2000 पदाधिकारियों की नियुक्ति कर व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाए।

बैठक की अध्यक्षता संजीव बौद्ध ने की। उन्होंने सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाया कि अगले माह सेक्टर स्तर की समीक्षा बैठक आयोजित कर संगठन विस्तार की प्रगति का मूल्यांकन किया जाएगा। अंत में उन्होंने सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। बैठक में अनोखी लाल मालवीय, नर्सिंग भारती, डी.बी. बड़ोदिया, कोमल नागर, धनराज सिंह थरेले, हरिनारायण हिंडोलिया, गेंदालाल सूर्यवंशी, देवकरण कुरल, आनंद घावरी, राजमल सोलंकी, रामस्वरूप भारती, बलराम पेठारी, अर्जुन बौद्ध सहित बड़ी संख्या में बसपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाने 15 जुलाई को रवाना होंगे 55 श्याम प्रेमी



**सीहोर।** हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा इसी अटूट विश्वास और श्रद्धा के साथ सीहोर नगर के 55 श्याम प्रेमी आगामी 15 जुलाई को पावन श्री खाटू श्याम धाम की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। सीहोर सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में निकलने वाली यह यात्रा केवल एक धार्मिक भ्रमण नहीं, बल्कि श्रद्धा, समर्पण और आध्यात्मिक चेतना का महापर्व होगी। श्रद्धालुओं का जत्था दोपहर 4 बजे सीहोर रेलवे स्टेशन से ₹जय श्री श्याम₹ के जयघोष के साथ प्रस्थान करेगा। यात्रा संयोजक आनंद भैया गांधी एवं आशीष गुप्ता ने बताया कि बाबा श्याम के दर्शन का सौभाग्य प्रत्येक भक्त को नहीं मिलता, यह उनका दिव्य बुलावा होता है। इस यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालु बाबा के श्रीचरणों में अपनी अर्जी लगाकर परिवार, समाज और राष्ट्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं मंगल की प्रार्थना करेंगे। खाटू धाम पहुंचने पर श्रद्धालु लगभग एक किलोमीटर लंबी भव्य निशान यात्रा में भाग लेंगे। हाथों में पवित्र निशान, मुख पर श्याम नाम और हृदय में अटूट श्रद्धा लिए भक्त भजन-कीर्तन करते हुए बाबा के दरबार तक पहुंचेंगे और श्रद्धापूर्वक निशान अर्पित करेंगे। इसके पश्चात बाबा श्याम के दिव्य दर्शन, आरती और भजन-संध्या का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। यात्रा के दौरान श्रद्धालु सालासर बालाजी के दरबार में भी हाजिरी लगाकर संकटमोचन हनुमानजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। साथ ही अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कर आध्यात्मिक ऊर्जा और आत्मिक शांति का अनुभव करेंगे। नगर में यात्रा को लेकर भक्तों के बीच उत्साह चरम पर है। श्याम प्रेमियों का मानना है कि ₹बाबा श्याम के दरबार से कोई भक्त खाली हाथ नहीं लौटता, वे अपने हर भक्त की झोली कृपा, प्रेम और आशीर्वाद से भर देते हैं। सीहोर सांस्कृतिक मंच ने सभी नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे 15 जुलाई को दोपहर 4 बजे सीहोर रेलवे स्टेशन पहुंचकर श्याम प्रेमियों को भावभीनी विदाई दें और हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के जयघोष के साथ इस पुण्य यात्रा के सहभागी बनकर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करें।

::: जाहिर सूचना :::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्री शाहिद जमाल सिद्दीकी आत्मज श्री अली हसन सिद्दीकी निवासी 175 शांति नगर बरखेड़ा पठानी भोपाल ने दिनांक 05.02.2026 को श्री नईम नजीर खान आत्मज श्री नईम खान निवासी मेराज मंजिल किस्मत कॉलोनी मुम्बा थाना के साथ ग्राम कुड़ी तहसील इछावर जिला सीहोर की कृषि भूमि बाबत विक्रय अनुबंध किया था। अनुबंधित खसरे 3212, 3213, 3214, 3218, 3312, 3319, 3419, 35 कुल रकबा 19.219 है। सौदा राशिः 46500000/-दिया गया बयानाः 15000000/- जिसमें 10000000/- का चेक क्रमांक 917114 एवं 5000000/- नगद किस्त। उक्त 5000000/- परिचितों के माध्यम से विक्रेता के खाते में जमा कराए गए हैं जो आपके द्वारा वापस कर दिए गए है जिसकी आन लाईन रसीद मेरे पास सुरक्षित हैं। जांच में जात हुआ कि अनुबंध में दर्शित खसरे गलत हैं। वास्तविक खसरे श्री नईम नजीर खान के नाम 32/2/1, 32/3, 32/4, 32/5, 33/2 एवं श्री मेराज नईम खान के नाम 33/1, 34/1, 35 हैं। हल्का पटवारी से जानकारी पर जात हुआ कि उक्त भूमि सीलिंग एक्ट के अंतर्गत शासकीय दर्ज होने वाली है एवं प्रकरण माननीय एसडीएम इछावर के न्यायालय में विचाराधीन है। हल्का पटवारी द्वारा बताया गया कि रजिस्ट्री होने पर भी नामांतरण संभव नहीं होगा। उपरोक्त विरोधाभास एवं विधिक बाधा के कारण मैं उक्त अनुबंध को दिनांक 14/07/2026 से एक पक्षीय निरस्त करता हूं। अनुबंध पत्र निरस्त की सूचना पर श्री नईम नजीर खान द्वारा मुझे झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकी दी जा रही है उनके द्वारा मेरे विरुद्ध की गई कोई भी कार्रवाई के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। चूंकि सौदा निरस्त हो गया है अतः चेक क्रमांक 917114 रद्द किया जाता है।
अतः आज दिनांक के बाद उक्त भूमि का कोई क्रय-विक्रय, बंधक मेरे लिए मान्य नहीं होगा।

भवदीयः शैलेष कुमार बड़ोदिया
एडवोकेट, कार्या. पुराना बस स्टेंड जैन मंदिर रोड इछावर जिला सीहोर म.प्र.

चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने अभियान: चोरी गई पिकअप बरामद की

# राजगढ़ पुलिस की बड़ी सफलता: अंतरजिला वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिले में वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली राजगढ़ पुलिस ने एक अंतरजिला वाहन चोर गिरोह को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरोह के 4 शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर चोरी की गई पिकअप बरामद कर ली है। कोतवाली थाना प्रभारी मंजू मखेनिया ने बताया कि फरियादी कन्हैयालाल तंवर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 24-25 जून की रात उनके घर के सामने से पिकअप वाहन एमपी 39 जी 2160 चोरी हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अमित तोलानी के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया।



### सीसीटीवी और तकनीकी साक्ष्यों से मिली कामयाबी

पुलिस टीम ने करीब 400 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और साइबर सेल की तकनीकी मदद से आरोपियों तक पहुँची। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी मुजाहिद, अमित, सुल्तान और रामबाबू ने योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम दिया था।

### वाहन की पहचान छिपाने के लिए की डेंटिंग-पेंटिंग

आरोपी मुजाहिद ने चोरी की पिकअप को कुरावर स्थित अपनी वेल्डिंग और डेंटिंग-पेंटिंग की दुकान पर ले जाकर उसका रंग-रूप पूरी तरह बदल दिया था, ताकि वाहन की पहचान न हो सके। पुलिस ने सटीक विवेचना के आधार पर इस साजिश को नाकाम कर दिया। गिरफ्तार सभी आरोपी आदतन अपराधी हैं, जिनमें मुजाहिद और अमित पर पहले से ही भोपाल, रायसेन, सीहोर और विदिशा के विभिन्न थानों में चोरी, लूट और मारपीट जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं। गिरोह का एक अन्य सदस्य 'आशिक' अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मंजू मखेनिया, उप निरीक्षक राकेश दामले, जिला साइबर सेल प्रभारी जितेंद्र अजनारे सहित पूरी पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही। एसपी ने टीम के कार्यों की प्रशंसा की है।

डिजिटल लेनदेन और अन्य सेवाएं प्रभावित

## जियो का नेटवर्क दो दिन से ठप, उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




नगर में पिछले दो दिनों से जियो का मोबाइल नेटवर्क प्रभावित होने से हजारों उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नेटवर्क बार-बार गायब होने तथा इंटरनेट सेवा ठप रहने से मोबाइल कॉलिंग, ऑनलाइन भुगतान, डिजिटल लेनदेन और अन्य इंटरनेट आधारित सेवाएं प्रभावित हो गई हैं।

उपभोक्ताओं का कहना है कि कई क्षेत्रों में मोबाइल पर नेटवर्क नहीं आ रहा है, जबकि कहीं-कहीं सिग्नल आने के बावजूद कॉल नहीं लग रही और इंटरनेट की गति बेहद धीमी है। इसके कारण ऑनलाइन पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों, व्यापारियों, बैंकिंग कार्य करने वाले लोगों और विभिन्न डिजिटल सेवाओं पर निर्भर उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारियों ने बताया कि नेटवर्क बाधित होने से यूपीआई के माध्यम से भुगतान लेने में भी परेशानी आ रही है, जिससे कारोबार प्रभावित हो रहा है। वहीं कई लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी अपनी नाराजगी जाहिर की है। उपभोक्ताओं ने जियो कंपनी से जल्द से जल्द तकनीकी खराबी दूर कर नेटवर्क सेवा सुचारु करने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके। हालांकि समाचार लिखे जाने तक नेटवर्क पूरी तरह सामान्य नहीं हो पाया था और उपभोक्ताओं की परेशानी लगातार बनी हुई थी।

सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी सफलता

## 2.35 लाख की साइबर ठगी का पर्दाफाश, असम से 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नरसिंहगढ़ पुलिस ने सेफ क्लिक 2.0' अभियान के तहत साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एसबीआई योनो एप डाउनलोड कराने के नाम पर हुई 2.35 लाख की ठगी का खुलासा करते हुए असम के गुवाहाटी से तीन शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक नरसिंहगढ़ निवासी अखिलेश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात ठगों ने एसबीआई योनो एप डाउनलोड कराने का झांसा देकर उनसे 2,35,000 की ठगी की है। मामला दर्ज कर एसपी अमित तोलानी के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गया।



### 5,000 किलोमीटर का सफर कर पकड़े ठग

पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और बैंक खातों की बारीकी से जांच की, जिससे गिरोह के तार असम से जुड़े होने की पुष्टि हुई। टीम ने लगभग 5,000 किलोमीटर का सफर तय कर गुवाहाटी में दबिश दी। पुलिस ने जाल बिछाकर मुख्य आरोपी टीकू उर्फ अभिनाश, मिराजुल हक और कपिल भुइयां को तब दबोच लिया, जब वे ठगी की राशि निकालने बैंक पहुंचे थे।

### धोखाधड़ी का तरीका

आरोपी लोगों को बैंकिंग सहायता या एप डाउनलोड करने के नाम पर झांसे में लेते थे और रिमोट एक्सेस लेकर बैंक खातों से पैसे उड़ा देते थे। गिरफ्तार आरोपियों के पास से ठगी की पूरी रकम के अलावा मोबाइल फोन और अन्य तकनीकी साक्ष्य भी जब्त किए गए हैं। एसपी अमित तोलानी ने आमजन से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के कहने पर कोई एप डाउनलोड न करें और न ही अपना ब्न्च, पिन या पासवर्ड साझा करें। साइबर अपराध होने पर तुरंत 1930 नंबर पर कॉल करें।

### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में नरसिंहगढ़ थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह धाकड़, साइबर सेल प्रभारी जितेंद्र अजनारे और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जिले के पहले चतुर्कैलाशी बने प्रमोद सिंघी

### मणिमहेश, श्रीखंड, आदिकैलाश और किन्नौर के बाद श्रीखंड यात्रा पूरी की



हरिभूमि न्यूज, जीरापुर। समीपवर्ती ग्राम रामगढ़ निवासी मेड़तवाल समाज के सदस्य प्रमोद सिंघी ने चतुकैलाशी यात्रा पूरी की। इस यात्रा में इनके साथ तीन युवा रामगढ़ एवं एक युवा बकानी राजस्थान के भी यात्रा कर लौटें। भगवान शिव के अतिप्रिय स्थान कैलाश पर्वत पांच हैं, जिन्हें पंचकैलाश के नाम से जाना जाता है। मणिमहेश कैलाश 18,547 फीट, श्रीखंड कैलाश 18,570 फीट, किन्नौर कैलाश 19,850 फीट, आदिकैलाश छोटा कैलाश 19,505 फीट और कैलाश मानसरोवर मुख्य कैलाश। इन्हीं पंचकैलाशों में से चार की दुर्गम यात्रा पूरी कर जिले के प्रमोद सिंघी निवासी रामगढ़ ने पहले "चतुर्कैलाशी" बनने का गौरव प्राप्त किया है। श्रीखंड कैलाश यात्रा विश्व की सबसे दुर्गम और कठिन यात्राओं में मानी जाती है, जहां पल-पल मौसम बदलता है और रातें अत्यंत कठिन होती हैं। दुर्गम रास्तें अत्यधिक परेशानी का सामना करते हुए तय कि यात्रा। प्रमोद सिंघी ने बताया कि उन्हें यह यात्रा करने की प्रेरणा अपने माता-पिता से मिली। इस यात्रा में उनके साथ रामगढ़ से रामबाबू कारपेंटर, राजेश शर्मा , देवेंद्र तिवारी ने भी इस दुर्गम यात्रा को पूरा किया। जानकारी के मुताबिक प्रमोद ने 2022 में प्रथम कैलाश श्री मणिमहेश यात्रा से शुरुआत की थी। 2023 में उन्होंने विश्व की सर्वाधिक दुर्गम मानी जाने वाली श्रीखंड कैलाश यात्रा की। 2024 में आदि कैलाश ओर अब चैथी कैलाश यात्रा पूरी कर प्रथम यात्री बनने का गौरव हासिल किया है। इस यात्रा में मेडतवाल समाज से दो यात्री प्रमोद सिंघी रामगढ़ और देवेंद्र घटिया बंटू बकानी राजस्थान थे।

काम में लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए

## मंत्री टेटवाल ने नगर भ्रमण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने शनिवार को सारंगपुर नगर का भ्रमण कर विभिन्न सार्वजनिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने नगर की साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, नागरिक सुविधाओं एवं विकास कार्यों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को स्वच्छता व्यवस्था में निरंतर सुधार, विकास कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। साथ ही नगर की यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने और पेयजल सहित अन्य आवश्यक सेवाओं के बेहतर संचालन पर विशेष ध्यान देने को कहा। नगर भ्रमण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, एसडीएम रोहित बमोरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक रनवे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंत्री डॉ. टेटवाल ने सभी अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए नगर की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़, व्यवस्थित एवं जनहितकारी बनाने का आह्वान किया।

### जगदीश स्वामी मानोरा धाम पदयात्रा 15 को

विदिशा। भगवान जगदीश स्वामी मानोरा धाम की 13वीं वार्षिक पदयात्रा 15 जुलाई को बड़ी बजरिया स्थित जय स्तंभ पार्क से शाम 5 बजे रवाना होगी। दीपक तिवारी मित्र मंडल द्वारा आयोजित यह पदयात्रा ग्राम मानोरा में आषाढ़ द्वितीया पर निकलने वाली भगवान श्री जगदीश स्वामी रथयात्रा में शामिल होने के लिए निकाली जा रही है। पदयात्रा प्रदेश की सुख-समृद्धि, अच्छी बारिश और किसानों की खुशहाली की कामना के साथ आयोजित होगी। बैठक में श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई। इस दौरान पवन सोनी, मुकेश राठौर, रूद्रेश नामदेव सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### तेज धूप निकली उमस ने किया बेहाल

विदिशा। शनिवार को मौसम साफ रहा। बारिश न होने और तेज धूप के कारण हुई उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। उमस के कारण लोग बेचैन रहे। दोपहर में तीखी धूप के कारण लोग पसीना पसीना होते नजर आए। मौसम विभाग के मुताबित अलगे दो से तीन दिनों तक बारिश नहीं होगी। गर्मी का सामना करना पड़ सकता है।

## गुना की 2 लाख 26 हजार 846 लाड़ली लाभान्वित



गुना। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को भिंड जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना की किश्त लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित की गयीद्य इसमें एक करोड़ 25 लाख बहनों के खातों में 1835 करोड़ रूपये अंतरित की गयी हैं। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लाड़ली बहनों द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लाईव संबोधन को देखा एवं सुना गया। इस दौरान गुना जिले की 02 लाख 26 हजार 846 लाडली बहनों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से कुल 33,45,39,000 (तैतीस करोड़ पैतालीस लाख उनतालीस हजार रूपये) की राशि अंतरित की गयी। कार्यक्रम में जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिनेश चंदेल, परियोजना अधिकारी गुना ग्रामीण दीपा शर्मा एवं परियोजना अधिकारी गुना शहर अरूणा पाण्डेय सहित लाड़ली बहनें उपस्थित थी।

### बाइक चालक ने मारी टक्कर, बुजुर्ग घायल

गुना। जिले के जामनेर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शाहपुर के पास एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में शाहपुर निवासी 55 वर्षीय गोपाल पुत्र नन्नूलाल लोधा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, रविवार को दोपहर करीब 12:30 बजे गोपाल लोधा अपनी मोटरसाइकिल एमपी 08-1384 से डोंगर से घर लौट रहे थे। तभी बरवटपुरा रास्ते के पास सामने से आए पचगोडिया निवासी बाइक चालक खेमराज मीना ने उन्हें टक्कर मार दी।

## 20 से डाक कर्मियों का चरणबद्ध आंदोलन, रणनीति की गई तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

डाक विभाग को निजीकरण से बचाने और कर्मचारियों का शोषण रोकने के लिए भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 20 जुलाई से राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आंदोलन शुरू होने जा रहा है। भारतीय डाक कर्मचारी संघ ग्रुप सी के संभागीय अध्यक्ष सचेंद्र तिवारी ने बताया कि 5 जून 26 को ही दिल्ली में डाक विभाग के सचिव को आंदोलन की सूचना दे दी गई थी। विदेशी कंपनी मैकेंजी के इशारे पर किए जा रहे निजीकरण के प्रयासों और टारगेट के नाम पर डाक कर्मियों पर बनाए जा रहे अनुचित मानसिक दबाव के खिलाफ कर्मचारी लामबंद हो चुके हैं। आंदोलन को सफल बनाने के लिए गुना में आयोजित बैठक में रिक्त पदों को भरने, रेल डाक सेवा की बहाली और पुरानी डाक वितरण प्रणाली लागू करने जैसी प्रमुख मांगें उठाई गईं।

आंदोलन के तहत 20 से 27 जुलाई तक कर्मचारी काली पट्टी बांधकर विरोध जताएंगे। इसके बाद 28 जुलाई को लंच के समय संभागीय कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा,



जबकि 5 अगस्त को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल और 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी। इस चरणबद्ध आंदोलन को सफल बनाने के लिए गुना गुरप सी के संभागीय सचिव केके भार्गव, खजांची गजेंद्र टांडेल, आलोक कटिहार, रमेश साहू, अर्पित श्रीवास्तव, राकेश कुमार, आदर्श रघुवंशी, पोस्टमैन के संभागीय अध्यक्ष अभिषेक दुबे, सचिव अजय साहू, कोषाध्यक्ष सुधीर वर्मा, ग्रामीण डाक सेवक के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, सचिव रवि राव पाटिल, कोषाध्यक्ष मोहन बंजारा, अमित राठौर सहित अशोकनगर के सचिव भूपेंद्र रघुवंशी, हरिओम करेले और चेतन सोनकर आदि कर्मचारियों ने सभी से एकजुट होने की अपील की है।

### प्रमोद भार्गव ने कानपुर की बुजुर्ग असरफी बेगम को 4 महीने बाद परिवार से मिलाया

गुना। मानवता और सामाजिक सौहार्द की अनूठी मिसाल पेश करते हुए समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने चार महीने से अपने परिवार से बिछड़ी कानपुर निवासी बुजुर्ग असरफी बेगम को उनके परिजनों से मिलाकर सकुशल घर पहुंचाया है। जानकारी के अनुसार, असरफी बेगम भटकते हुए ट्रेन से गुना पहुंच गई थीं। उनके अस्वस्थ होने की सूचना मिलने पर प्रमोद भार्गव ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया और उनके इलाज की व्यवस्था की। वृद्धावस्था और कमजोर याददाश्त के कारण वे शुरुआत में अपने बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रही थीं। स्वास्थ्य में सुधार होने पर बुजुर्ग महिला ने बताया कि वे कानपुर के गदियाना क्षेत्र की रहने वाली हैं और उनके पति का नाम मोहम्मद महमूद है। इसके बाद प्रमोद भार्गव ने कानपुर में अपने संपर्कों, मस्जिदों और मदरसों के माध्यम से खोजबीन शुरू की। कड़ी मशक्कत के बाद उनके पुत्र सरफराज का पता लगाकर फोन पर बातचीत कराई गई। पहचान की पुष्टि होने के बाद प्रमोद भार्गव ने बुजुर्ग महिला की गुना से कानपुर तक की सुरक्षित यात्रा और घर पहुंचने का पूरा खर्च स्वयं उठाकर उन्हें रवाना किया। विदा होते समय असरफी बेगम भावुक हो गईं और उन्होंने रोते हुए प्रमोद भार्गव का आभार जताया।



बैंक ऑफ इंडिया शाखा जैतपुरा का आयोजन

## एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

जैतपुरा कला पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से बैंक ऑफ इंडिया शाखा जैतपुरा द्वारा 'एक पौधा माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत शासकीय विद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस मौके पर बैंक सीनियर ब्रांच मैनेजर उत्कृष्ट तिवारी, एग्रीकल्चर ऑफिसर विनोद मीणा, अंजी नायर, पूनमचंद वर्मा एवं राकेश झावा ने विद्यालय परिवार के साथ मिलकर पौधारोपण किया तथा पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य राधेश्याम सेन, रामप्रसाद लववंशी, बद्रीलाल दांगी एवं हर्षित शर्मा सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनका संरक्षण करने तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है।

## नगर में प्रथम बार आज होगा मुनि श्री 108 सुधा सागर महाराज का मंगल प्रवेश, जैन समाज ने की तैयारियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम शिष्य परम पूज्य मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज ससंघ का 14 जुलाई को प्रथम बार सारंगपुर नगर में मंगल प्रवेश होगा। इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर सकल दिगम्बर जैन समाज एवं नगरवासियों में उत्साह का माहौल है। समाज के अध्यक्ष मनोज जैन ने बताया कि सुबह 8:30 बजे ए.बी. रोड स्थित श्री महावीर कीर्ति स्तंभ पर गुरुदेव की भव्य अगवानी की जाएगी। इसके बाद विशाल मंगल चल समारोह नया बस स्टैंड, भेरू दरवाजा और टेंशन चौराहा होते हुए श्री महावीर दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर पहुंचेगा। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालु पुष्पवर्षा एवं स्वागत करेंगे। मंदिर पहुंचने पर मुनिश्री धर्म, अहिंसा, संयम और आत्मकल्याण पर प्रवचन देंगे तथा आहारचर्या संपन्न होगी। आयोजन को लेकर स्वागत द्वार, धर्मध्वज, पेयजल, चिकित्सा, यातायात और स्वयंसेवकों की विशेष व्यवस्था की गई है। समाज ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से समय पर उपस्थित होकर अनुशासन के साथ आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## आरोन गल्ला मंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष बने भारत भूषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

गल्ला मंडी व्यापारी एसोसिएशन के निवृतमान अध्यक्ष विजय जैन डोडिया की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आरोन गल्ला मंडी व्यापारी संघ की नवीन कार्यकारिणी के लिए उपस्थित सभी व्यापारी बंधुओं ने सर्व सम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया।

नव गठित कार्यकारिणी के मीडिया प्रभारी गोलू झंडा ने बताया कि मिलनसार एवं मृदुल व्यवहार के धनी गल्ला व्यापारी भारत भूषण शर्मा को आगामी दो वर्ष के लिए गल्ला मंडी व्यापारी संघ का नवीन अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। बैठक में जयकुमार उपरिंग एवं धनपाल जैन बाखर को संरक्षक,सोनू जैन चाचा,सन्नी नारद,चंद्रेश रघुवंशी को उपाध्यक्ष,अभिषेक भार्गव संजीव साहू को महामंत्री, गोलू झंडा एवं नीरज साहू को मीडिया प्रभारी,अशोक चबूतरा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।



इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष जैन विजय डोडिया के द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए व्यापारियों ने उनका सम्मान किया। अध्यक्ष श्री भारत भूषण शर्मा ने एकजुट होकर मंडी की समस्याओं के समाधान एवं व्यापारियों के हितों के लिए कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### एसआई परीक्षा में रोहित ठाकुर को मिली सफलता



**जावर।** अब प्रतियोगी परीक्षाओं में महानगरों में लाखों रुपए खर्च कर विशेष कोचिंग कर रहे लोगों का ही अधिकार नहीं बचा है। अब ग्रामीण अंचलों से भी युवक प्रतियोगी परीक्षाओं में न केवल चयनित हो रहे हैं बल्कि सभी को चुनौती देते हुए अव्वल आ रहे हैं निकट ग्राम कर्मन खेड़ी के रोहित ठाकुर ने भी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर गांव का गौरव बढ़ाया है ग्राम कर्मन खेड़ी के निवासी मोहन ठाकुर के पुत्र रोहित ठाकुर ने सब इंस्पेक्टर परीक्षा में अपने गांव क्षेत्र और परिवार का नाम गौरवान्वित किया है उनकी इस शानदार उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी का माहौल है रोहित ठाकुर की सफलता पर ग्राम वासियों ने उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी । इस अवसर पर सरपंच राजा ठाकुर कुण्डिया नाथू के नेतृत्व में स्वागत किया गया,अजाब सिंह, धर्मेंद्र सिंह सरपंच, सुरेंद्र सिंह, देवेन्द्र सिंह,चेतन सिंह अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणों ने बधाई दी।

### साइकिल यात्रा 14 को हो रही तैयारियां

**आष्टा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में निकाली जा रही युवा स्वाभिमान साइकिल यात्रा 14 जुलाई (मंगलवार) को आष्टा पहुंचेगी। यात्रा के आगमन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। नगर में विभिन्न स्थानों पर यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा।इस यात्रा में पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता एवं जनप्रतिनिधि शामिल रहेंगे। यात्रा के दौरान गोकुलधाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा तथा रात्रि विश्राम आष्टा में किया जाएगा।ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह मेमदाखेड़ी ने बताया कि यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। नगर के विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा जगह-जगह स्वागत की तैयारियां की गई हैं। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से यात्रा में शामिल होकर छात्रों, युवाओं और किसानों के हितों की आवाज़ को मजबूत करने की अपील की।

### लाखन धाम समिति के सदस्य ने वीडियो बनाकर सांसद पर लगाया था आरोप

# घोषणा की राशि न देने का आरोप लगाया सांसद बोले, घोषणा की तो राशि भी देंगे

सांसद ने दी सफाई बोले 20 दिन पहले ही की थी घोषणा, समिति 50 लोगों के साथ आए और राशि ले जाए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आष्टा के प्रसिद्ध देवलाखन धाम समिति के सदस्य का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में सदस्य ने देवास-शाजापुर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी पर अपमानित करने का आरोप लगाया है। सदस्य का कहना है कि वे सांसद द्वारा घोषित 21 लाख रुपए की राशि लेने उनके कार्यालय गए थे, जहां उनके साथ ठीक व्यवहार नहीं किया गया।

#### घोषणा के बाद पहुंचे थे कार्यालय

समिति के सदस्य देवेंद्र सिंह ने बताया कि करीब 15 दिन पहले सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी जावर नगर स्थित देवलाखन दरबार आए थे। वहां उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में धाम के लिए 21 लाख रुपये देने की घोषणा की थी। इसी घोषणा के बाद समिति के सदस्य दो दिन पहले सांसद के देवास स्थित कार्यालय पहुंचे थे।

#### 50 लोग लाने की शर्त पर विवाद

वायरल वीडियो के अनुसार, जब समिति सदस्य कार्यालय पहुंचे तो उनसे पूछा गया कि उन्हें किसने बुलाया और क्या वे अनुमति लेकर आए हैं। सदस्य ने आरोप लगाया कि उनसे कहा गया कि यह राशि तभी जारी होगी जब वे 50 लोगों को अपने साथ लेकर आएंगे।

#### सांसद ने दी सफाई, किया इनकार

इस मामले पर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि वे 21 लाख रुपए की राशि देने के लिए आज भी तैयार हैं। उन्होंने साफ किया कि उन्होंने समिति सदस्यों से 50 लोगों को साथ लाने के लिए कहा है, तभी राशि दी जाएगी। वही सांसद ने कार्यालय में किसी भी तरह के अपमान से इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने स्टाफ को सभी के लिए चाय-पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। साथ ही सांसद महेंद्र सोलंकी ने कहा कि राशि की घोषणा किए महज 20 दिन के लगभग हुए हैं और वह बिना जानकारी दिए कार्यालय आ गए थे और मेने सिर्फ यह कहा था कि मुझे कार्यक्रम में कही जाना है आप को जानकारी देकर आना था और में राशि आपको दूंगा आप 50 सदस्यों के साथ आइये और नहीं आयेंगे तो में स्वयं वह आकर घोषणा की हुई राशि को दूंगा।

प्रसिद्ध लाखन धाम स्थान किसी एक का नहीं है वह हमारी भी आस्था का प्रतीक है में अपने द्वारा की गई घोषणा पर कायम हु लेकिन समिति के सदस्यों को थोड़ा धैर्य का परिचय देना चाहिए था।



# चिकित्सक पर हमले के विरोध में डॉक्टरों ने बांधी काली पट्टी

### कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हाल ही में एक चिकित्सक पर हुए हमले के मामले में अब तक पुलिस द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने के विरोध में आष्टा के सभी चिकित्सकों एवं अस्पताल कर्मचारियों ने आज से दो दिवसीय शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। विरोध स्वरूप चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी हाथ पर काली पट्टी बांधकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि न्याय की मांग को लेकर एसडीओपी आष्टा, पुलिस अधीक्षक सीहोर एवं एसडीएम आष्टा को लिखित आवेदन एवं ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। इसके बावजूद अब तक आरोपियों के विरुद्ध कोई ठोस एवं प्रभावी पुलिस कार्रवाई नहीं होने से चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों में गहरा आक्रोश एवं असुरक्षा की भावना व्याप्त है। चिकित्सक संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि दोषियों के विरुद्ध शीघ्र निष्पक्ष एवं कठोर कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो वर्तमान में चल रहा काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन अगले चरण में आष्टा ब्लॉक स्तर पर व्यापक आंदोलन का रूप लेगा। इस आंदोलन के तहत सभी चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी संपूर्ण कार्य बंद (टोटल वर्क स्टॉपेज) कर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। चिकित्सकों ने कहा कि उनकी मांग केवल दोषियों के विरुद्ध त्वरित एवं निष्पक्ष कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित कराने तथा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा की गारंटी प्रदान करने की है। उन्होंने कहा कि यदि आंदोलन उग्र होता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित प्रशासन एवं पुलिस विभाग की होगी।

इस अवसर पर सिविल अस्पताल आष्टा के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित कुमार माथुर, डॉ भूपेंद्र परमार, डॉ अवधेश परमार, डॉ भूरेलाल परमार, डॉ जयदीप सिंह सिसोदिया, डॉ अंकित पोरवाल,डॉ भंडरिया, डॉ माधवीराय, डॉ, हिनोपमा ठाकुर, डॉ वैशाली, डॉ इति, डॉ प्रियंका मेवाड़ा सहित समस्त स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में बीएससी में प्रवेश शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




जावर नगर क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में विज्ञान संकाय (बी.एससी.) में प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। अब विद्यार्थियों को विज्ञान की उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण एवं किफायती उच्च शिक्षा प्राप्त करने का यह एक सुनहरा अवसर है। महाविद्यालय में बी.एससी. के अंतर्गत गणित (मैथमेटिक्स), भौतिकी (फिजिक्स), रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री), वनस्पति विज्ञान (बॉटनी) एवं प्राणी विज्ञान (जूलॉजी) विषयों में अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है। अनुभवी प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य को नई दिशा दे सकते हैं। सभी विद्यार्थियों प्रवेश की अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें। शीघ्र आवेदन करें और अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

# शासकीय भूमि की सुरक्षा को लेकर हिंदू संगठनों का प्रदर्शन, प्रशासन ने फेंसिंग का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




नगर के वार्ड क्रमांक 18 स्थित मारूपुरा क्षेत्र की शासकीय भूमि पर तार फेंसिंग एवं बाउंड्री वॉल निर्माण की मांग को लेकर केसरिया हिंदू वाहिनी के नेतृत्व में हिंदू संगठनों ने एकत्रित होकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया।उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी इस मांग को लेकर नगर पालिका कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया गया था। उस समय नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने दो दिनों के भीतर भूमि की तार फेंसिंग कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक उक्त भूमि पर न तो तार फेंसिंग की गई और न ही बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया गया।इसी के चलते केसरिया हिंदू वाहिनी के जिला अध्यक्ष कालू सोनी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सामाजिक एवं हिंदू संगठनों के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान प्रशासन की ओर से तहसीलदार राम पगारे, नायब तहसीलदार, पटवारी वीरेंद्र ठाकुर तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे।तहसीलदार राम पगारे ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि संबंधित भूमि पर आगामी 8 दिनों के भीतर तार फेंसिंग एवं बाउंड्री वॉल निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कराई जाएगी। इसके बाद प्रदर्शन शांतिपूर्वक समाप्त हुआ।इस अवसर पर सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष नारायण भुरू मुकाती, सकल हिंदू समाज सचिव मनीष डोंगरे, मोंटू कौरी, राम कुशवाहा, रवि कुशवाहा, विनोद धनगर, व्यापारी महासंघ अध्यक्ष रुपेश राठौर, गोपाल कुशवाहा, मांगीलाल सैदौ, ज्ञान सिंह ठाकुर, राकेश राजपूत, सुनील लखेरा, छन्नू कुशवाहा, फूलचंद महेश्वरी, नितेश दीक्षित, आशु पटवा, महेश कुशवाहा, रघु कुशवाहा, भूरू सोनी, तनीष अरोरा अरोरा, राजू राठौड़ सहित अनेक सामाजिक एवं हिंदू संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अभाविप ने शहीद भगत सिंह महाविद्यालय की विभिन्न छात्रहित मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) नगर इकाई द्वारा शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में छात्रहित से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर प्राचार्य के माध्यम से शासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में परिषद ने मांग की कि महाविद्यालय में यूजी स्तर पर वाणिज्य, कला एवं विज्ञान संकाय में वर्तमान में शासन स्तर से विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में केवल एक-एक पद स्वीकृत है, जिसे बढ़ाकर पर्याप्त संख्या में स्वीकृत किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं नियमित शिक्षण व्यवस्था का लाभ मिल सके।इसके साथ ही परिषद ने मांग की कि वर्तमान में जनभागीदारी के माध्यम से संचालित पीजी (स्नातकोत्तर) विषयों को शासन स्तर से स्वीकृति प्रदान की जाए। इससे विद्यार्थियों पर पड़ने वाला अतिरिक्त आर्थिक बोझ कम होगा तथा अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। अभाविप ने ज्ञापन में महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास की सुविधा प्रारंभ करने की भी मांग की, जिससे दूरदराज़ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को आवास संबंधी समस्याओं से राहत मिल सके।परिषद ने शासन से इन सभी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर छात्रहित में आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की।ज्ञापन के दौरान विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री दीपक जैन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रजत सोनी,प्रियंका परमार,हर्ष कुशवाहा, प्रथम वर्मा, जयंत मेवाड़ा, कुणाल परमार, रुद्राक्ष कुशवाहा, मोहित मेवाड़ा, आयुष ठाकुर, दीपक कुशवाहा, रमन नामदेव, लक्की मालवीय, अंकित मालवीय, लखन पाटीदार, सोनू पांचाल, नितेश, रोहन,अमन विश्वकर्मा, वैष्णवी परमार, अंशिका पटेल, हिमांशी नायक, निक्की पटेल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विहिप, बजरंग दल ने कांवड़ यात्रा का दिया आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




हिंदू समरसता कावड़ यात्रा विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा आयोजित होने वाली इस कावड़ यात्रा में सैकड़ो की तादाद में क्षेत्र के युवा बजरंग दल के माध्यम से जुड़ते हैं और उत्साह के साथ इसमें चलते हैं इस वर्ष कावड़ यात्रा मैं आमंत्रण देने के लिए कुबरेश्वर धाम सीहोर में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक प्रदीप मिश्रा को भी आमंत्रण दिया गया और उन्होंने समिति सदस्यों से आमंत्रण को सहस्त्र स्वीकार किया। कावड़ यात्रा में देव लाखन धाम पर भी आमंत्रण दिया गया और सहयोग की अपेक्षा की गई। कावड़ यात्रा में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह ठाकुर एवं प्रांत संयोजक अवधेश प्रताप सिंह के साथ समस्त जिला टीम सम्मिलित रहेगी। कावड़ यात्रा में इंदौर से तनु शर्मा भी आमंत्रित किए गए। इस वर्ष कावड़ यात्रा में पिछले वर्ष की अपेक्षा दोगुनी संख्या रहेगी। सावन माह में निकाली जाने वाली कावड़ यात्रा में जावर क्षेत्र के समाजसेवी युवाओं ने व्यवस्था का जिम्मा लिया। और इस यात्रा को और भी भव्य बनाने का संकल्प लिया । उक्त जानकारी विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर ने दी।

### बाबा अमरनाथ की यात्रा पूरी कर आज लौटेगा 55 सदस्यों का जत्था

# रेलवे स्टेशन पर होगा श्रद्धालुओं का स्वागत-सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बाबा अमरनाथ सेवा मंडल, गल्ला मंडी, सीहोर के तत्वावधान में आयोजित बाबा अमरनाथ जी की पवित्र यात्रा संपन्न कर 55 श्रद्धालुओं का पहला जत्था आज मंगलवार को मालवा ट्रेन से सीहोर लौटेगा। बाबा अमरनाथ सेवा मंडल के सदस्य रामभरोस यादव ने बताया कि श्रद्धालुओं का यह जत्था 3 जुलाई को मालवा ट्रेन से सीहोर से रवाना हुआ था। 10 दिवसीय इस धार्मिक यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

बाबा अमरनाथ के दर्शन के बाद जत्थे ने माता वैष्णो देवी के दर्शन भी किए। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने दुर्गम पहाड़ी रास्तों से होते हुए पवित्र गुफा में बाबा अमरनाथ के दर्शन किए। सेवा मंडल ने यात्रा के दौरान खाने-पीने और रहने की व्यवस्था की थी।सेवा मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि सभी 55 श्रद्धालु सकुशल हैं और यात्रा सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। मंगलवार सुबह मालवा ट्रेन से जत्थे के सीहोर पहुंचने पर स्टेशन पर भव्य स्वागत की तैयारी की गई है। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने कहा कि बाबा बर्फानी के दर्शन कर जीवन धन्य हो गया। कठिन रास्तों के बावजूद बाबा की कृपा से सभी ने बिना किसी परेशानी के दर्शन किए। सेवा मंडल ने अगले जत्थे के लिए भी पंजीयन शुरू कर दिए हैं।

# स्कूली बच्चों को दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के अंतर्गत नगर के जेडी किड्स हायर सेकेंडरी स्कूल में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्राओं को सही तरीके से हैंड वॉश का डेमो प्रदर्शित किया गया तथा स्वच्छता, कचरा पृथक्करण और व्यक्तिगत साफ-सफाई के महत्व पर संवाद किया गया।कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा, वार्ड क्रमांक 16 के लोकप्रिय पार्षद रवि शर्मा, कचरा वाहन संचालक विनय सिंह, जन-जागरूकता गतिविधि टीम लीडर राजकुमार अकेला तथा सहयोगी अजय ठाकुर सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़ा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में कचरे का वैज्ञानिक एवं उचित प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि दिन-प्रतिदिन कचरे की मात्रा बढ़ती जा रही है, जिसमें सिंगल यूज़ प्लास्टिक एवं डिस्पोज़ेबल वस्तुओं का बड़ा योगदान है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य मेवाड़ा ने पधारे हुए सभी अतिथियों, नगर पालिका परिषद आष्टा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। साथ ही विद्यार्थियों से स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत बनाने और नगर को स्वच्छ रखने में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया।